<u>नशा रोकथाम जागरूकता के प्रति समर्पित रहा एनएसएस शिविर का चौथा दिन</u>

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की एनएसएस इकाई 1 और 3 द्वारा प्रोग्राम ऑफिसर डॉ० सुप्रिया ढांडा और सुश्री रीतिका सहरावत के नेतृत्व में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का मुख्य विषय सड़क सुरक्षा जागरूकता और सामाजिक सेवा रहा।

दिन की शुरुआत व्यायाम एवं एनएसएस प्रार्थना के साथ हुई, जिससे स्वयंसेवकों में अनुशासन व एकता की भावना विकसित हुई। इसके उपरांत स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल (हरियाणा सरकार), रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी फरीदाबाद, ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद, दुर्गा शक्ति और रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) के सहयोग से एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में विशेषज्ञों ने सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों, कानूनी अधिकारों, नशा रोकथाम और महिलाओं की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने एक विशेष स्कूल का दौरा किया, जहां उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बीच स्टेशनरी सामग्री और वस्त्र वितरित किए। इस गतिविधि का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रति सेवा और संवेदनशीलता की भावना विकसित करना था।

दोपहर के सत्र में श्री देवेंद्र गौड़ द्वारा एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने जीवन में सकारात्मकता बनाए रखने और समाज सेवा के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने इस सत्र में विशेष रुचि दिखाई और कई प्रेरक पहलुओं पर चर्चा की।

दिन के अंत में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने नारों व पोस्टरों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया और समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया।

कॉलेज के माननीय चेयरमैन श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं महासचिव श्री दिनेश गुप्ता जी ने एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. सुप्रिया धान्डा और सुश्री ऋतिका सहारावत के प्रयासों की सराहना की और उनके सामाजिक योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

एनएसएस शिविर का यह दिन स्वयंसेवकों के लिए शिक्षाप्रद, प्रेरणादायक एवं सामाजिक जिम्मेदारी का अहसास कराने वाला रहा